Bharat Temples

इतनी जल्दी करो ना जाने की

हर लम्हा गुजरता है खता वार हमारा
मरना भी अब तो मरना है दुश्वार हमारा
हमने तो सिर्फ आस लगाई है हरी से
है उसके सिवा कौन मददगार हमारा

इतनी जल्दी करो ना जाने की
सांस रुक जाएगी दीवाने की
इतनी जल्दी करो ना जाने की ....

आप आए बहार आई है
जागी किस्मत गरीब खाने की
इतनी जल्दी करो ना जाने की..........

आओ मेरे करीब आ जाओ
आरज़ू है गले लगाने की
इतनी जल्दी करो ना जाने की..........

रूठना है तो रूठ जाओ तुम
हमको फुर्सत नहीं मनाने की
इतनी जल्दी करो ना जाने की..........

धड़कने और बढ़ गई दिल की
क्या जरूरत थी मुस्कुराने की

इतनी जल्दी करो ना जाने की.........

सिंगर भरत कुमार दवथरा

Source: https://www.bharattemples.com/itni-jaldi-karo-na-jaane-ki/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw